## बहुविकल्पी प्रश्न

**1. वूलर झील निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?**

(अ) राजस्थान (ब) पंजाब
(स) जम्मू-कश्मीर (द) उत्तर प्रदेश

**2. अपवाह तंत्र व्याख्या करता है?**

(अ) नदी तंत्र की (ब) पर्वत श्रृंखला की
(स) प्राणी मंडल की (द) वायुमंडल की

**3. हिमालय से निकलने वाली नदी है?**

(अ) सभी विकल्प सही हैं। (ब) ब्रह्मपुत्र
(स) सिंधु (द) गंगा

**4. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी नेपाल से निकलती है?**

(अ) गंडक (ब) सभी विकल्प सही हैं।
(स) कोसी (द) घाघरा

**5. निम्नलिखित में कौन-सी नदी प्रायद्वीपीय भारत की सबसे बड़ी नदी है?**

(अ) गोदावरी (ब) कृष्णा
(स) महानदी (द) नर्मदा

**6. यमुना का उद्गम स्थल है?**

(अ) देव प्रयाग (ब) यमुनोत्री
(स) नंदन वन (द) गंगोत्री

**7. महानदी का उद्गम स्थल किस राज्य में स्थित है?**

(अ) झारखंड (ब) मध्य प्रदेश
(स) छत्तीसगढ़ (द) उड़ीसा

**8. निम्नलिखित में से कौन-सी लवणीय जलवाली झील है?**

(अ) गोबिंद सागर (ब) वूलर
(स) सांभर (द) डल

मिशन ज्ञान
पढ़ें : जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**9. सिंधु नदी की सहायक नदी है?**

(अ) श्योक (ब) जास्कर

(स) नुबरा (द) सभी विकल्प सही है।

**10. सिंधु, सतलज नदियों का उद्गम स्थल है?**

(अ) यमुनोत्री से (ब) मानसरोवर झील के निकट तिब्बत से

(स) गंगोत्री से (द) अमर कंटक से

## रिक्त स्थान

11. अम्बाला के निकट सिंधु और गंगा के अपवाह तंत्र के मध्य ________________ स्थित है।

12. ________________ और ________________ मीठे पानी की झीलें जम्मू कश्मीर राज्य में हैं।

## सत्य/असत्य

13. न्यू जलपाईगुडी नामक स्थान से गंगा बांग्लादेश में प्रवेश करती है।

14. लोकताक झील मणिपुर राज्य में है।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. जल विभाजक का क्या कार्य है? एक उदाहरण दीजिए।

16. हिमालय की नदियों को किन-किन नदी तंत्रों में बाँटा जाता है?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. जलभाजक या जल विभाजक किसे कहते हैं?

18. गंगा द्रोणी की चार विशेषताएँ बताइए।

## निबंधात्मक प्रश्न

19. गॉर्ज और रिफ्ट घाटी में अंतर स्पष्ट कीजिए।

20. नदी तंत्र किसे कहते हैं? भारत के उत्तरी विशाल मैदान का निर्माण किन नदी तंत्रों से हुआ है?

## HOTS

21. पश्मिी घाट और पूर्वी घाट में क्या अंतर है?

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

## अध्याय -3 | अपवाह

Worksheet-2

### उत्तरमाला

1. **(स)** जम्मू-कश्मीर
2. **(अ)** नदी तंत्र की
3. **(अ)** सभी विकल्प सही हैं
4. **(ब)** सभी विकल्प सही हैं
5. **(अ)** गोदावरी
6. **(ब)** यमुनोत्री
7. **(स)** छत्तीसगढ़
8. **(स)** सांभर
9. **(द)** सभी विकल्प सही हैं
10. **(ब)** मानसरोवर झील के निकट तिब्बत से
11. जल विभाजक
12. डल, वूलर
13. असत्य
14. सत्य
15. दो नदियों के प्रवाह की दिशा बदलने वाली उच्चभूमि जल विभाजक कहलाती हैं।
    उदाहरण- सिंधु और गंगा नदी तंत्र के बीच का जल विभाजक। अंबाला इसके जल विभाजक पर स्थित है।
16.
    i. सिंधु नदी तंत्र
    ii. गंगा नदी तंत्र
    iii. ब्रह्मपुत्र नदी तंत्र
17. दो अपवाह द्रोणियों के मध्य उच्च भूमि जैसे-पर्वत या उच्च भूमि, जो दोनों के प्रवाह को अलग करती है, जलभाजक या जल विभाजक कहलाती है।
18.
    i. गंगा हिमालय क्षेत्र में गंगोत्री से निकलती है और हरिद्वार के निकट गंगा मैदान में प्रवेश करती है।
    ii. गंगा की प्रमुख सहायक नदी-यमुना यमुनोत्री से निकलकर, इलाहाबाद में गंगा से मिल जाती है गंगा की अन्य सहायक नदियाँ गोमती, घाघरा, गंडक, कोसी आदि हैं।
    iii. यह द्रोणी बहुत मंद ढाल वाली है। हरियाणा से बांग्लादेश तक कुल 300 मीटर का ढाल है।
    iv. भारत के विशाल मैदान पर गंगा द्रोणी का ही सबसे अधिक विस्तार है।
19.

| गॉर्ज | रिफ्ट घाटी |
|---|---|
| नदी अपरदन प्रक्रिया द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में बनी बहुत गहरी और संकरी घाटी को गॉर्ज कहते हैं। यह v आकार की घाटी का विशिष्ट रूप है। | दो समानांतर दरार अथवा भ्रंश पड़ने से बीच की भूमि के नीचे धँस जाने से बनी खड़े किनारों वाली घाटी को रिफ्ट घाटी कहते हैं। इसका दूसरा नाम दरार या भ्रंश घाटी है। ये पर्वत श्रेणियों एवं उच्च भूमिकयों के बीच स्थित लम्बी आकृति वाली घाटियाँ हैं। |
| गॉर्ज बाह्य प्रक्रियाओं के फलस्वरूप बनते हैं। नदी द्वारा बहाकर लाए गए कंकड़-पत्थरों से तली घिसकर, गहरी होती रहती है। | दरार या भ्रंश धरातल पर खिंचाव तथा क्षितिज गति के नदी की ऊपरी घाटी में अपरदन की क्रिया तेज होती है। परिणामस्वरूप पड़ती है। |
| इनकी रचना कठोर शैलयुक्त क्षेत्रों में होती हैं। हिमालय पर्वतीय प्रदेश में सिंधु तथा ब्रह्मपुत्र नदियों ने कई गहरे गॉर्ज को जन्म दिया है। | रिफ्ट घाटी का निर्माण आंतरिक प्रक्रियाओं के परिणामस्वरूप होता है। भारत के प्रायद्वीपीय पठार की पश्चिम की ओर बहने वाली नर्मदा व ताप्ती तथा यूरोप की राइन नदी रिफ्ट घाटी से बहती हैं। |

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**20. भारत के उत्तरी विशाल मैदान का निर्माण तीन नदी तंत्रों में हुआ है:**

- **i. सिंधु नदी तंत्र –** सिंधु नदी तंत्र में सतलज, व्यास, रावी, चिनाब, झेलम आदि नदियाँ शामिल हैं। सिंधु नदी तंत्र का जल पाकिस्तान में बहता हुआ अरब सागर में पहुँचता है।
- **ii. गंगा नदी तंत्र –** गंगा और ब्रह्मपुत्र का जल बंगाल की खाड़ी में जा मिलता है। गंगा की प्रमुख सहायक नदी यमुना है। यमुना हिमालय से यमुनोत्री स्थान से निकलती हैं। यमुना की सहायक नदियाँ-चंबल, सिंध, बेतवा और क्रेन हैं, जो दक्षिण के पठार से निकलती हैं। गोमती, घाघरा, गंडक और कोसी हिमालय से निकलने वाली गंगा की अन्य सहायक नदियाँ हैं।
- **iii. ब्रह्मपुत्र नदी तंत्र –** ब्रह्मपुत्र को अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग नामों से जाना जाता है- अरूणाचल प्रदेश में इसे दिहाँग कहते हैं, असम और मेघालय में इसे ब्रह्मपुत्र कहते हैं। बांग्लादेश के उत्तरी भाग में जमुना तथा मध्य भाग में पद्मा कहा जाता है, आगे चलकर गंगा और ब्रह्मपुत्र की संयुक्त धारा को मेघना कहते हैं।

**21.**

| पश्चिमी घाट | पूर्वी घाट |
|---|---|
| दक्कन के पठार की पश्चिमी सीमा पर स्थित पर्वत को पश्चिमी घाट कहते हैं। | दक्कन के पठार की पूर्वी सीमा को पूर्वी घाट कहते हैं। |
| ये अभंग पर्वतमाला उत्तर-दक्षिण में तट के समानांतर फैली हैं। | ये भंग पर्वतमाला है जो पूर्वी तट के समानांतर फैली हुई हैं। |
| पश्चिम की ओर बहने वाली मुख्य नदियाँ साबरमती, माही, भारत-पुजा एवं पेरियार हैं। | महानदी गोदावरी, कृष्णा और कावेरी पूर्व की ओर बहती हैं तथा बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं। ये नदियाँ अपने मुहाने पर डेल्टा का निर्माण करती हैं। |
| पश्चिमी घाट को कई स्थानीय नामों से जाना जाता है। इसके उत्तरी भाग को सह्यादि तथा दक्षिणी भाग को क्रमश: नीलागिरि, अनामलाई और काडेमम कहते हैं। | पूर्वी घाट इतने भंग है कि प्रत्येक खंड एक अलग पहाड़ी के रूप में दिखाई पड़ता है। |